(२) मारना चाहता है ? तो काम क्रोध लोभ को मार।

(३) जीतना चाहते हो ? तो अतरग दुश्मनों को जीतो।

(४) सुनना चाहते हो ? तो जिनवाणी सुनो।

(५) पढ़ना चाहते हो ? तो ऐसी किताबें पढ़ो।

अमृत की बूंदें

(१) तैरना चाहते हैं। ? तो ससार समुद्र को तैरिये।

(२) डूबना चाहता है ? तो ज्ञानसागर में डूब।

(३) गाना चाहता है ? तो प्रभु भक्ति के भजन गा।

(४) पहिनना चाहती हैं ? तो लज्जा का वस्त्र पहिनो।

(५) निरखना चाहती है ? तो प्रभुप्रतिमा को निरखो।

स्वास्थ्य रक्षा

सूर्य उदय के पहिले एवं सूर्य डूबने के पश्चात किया हुआ भोजन ठीक तौर से पचता नहीं है।

अत सूरज ऊगने के पहिले व सूर्य डूबने के बाद कुछ भी न खाए।

स्वास्थ्य रक्षा

साबुन से स्नान करने से चमड़ी की आवश्यक चिकनाहट धुल जाती है। जिससे कई बिमारियां आती हैं।

अतः सस्ता या महंगा किसी भी तरह का साबुन स्नान में इस्तेमाल न करें।

निदान

अधिक खाने से आलस आता है और अधिक धन पाने से आता है अभिमान।

अतः न अधिक खायें और न अधिक धन ही पाना चाहें।

अञ्जलि

अज्ञान के अन्धपटल से अन्धे बने हुए जीवों की आखों में ज्ञान का सुरमा लगाकर प्रकाशित करने वाले गुरुदेवों को क्रोड़ क्रोड़ प्रणाम।

तकदीर की बात छोड़कर

आत्मा को उन्नत बनाना है? तो तकदीर की बात छोड़ कर धर्म कार्य में तजवीज यानि जबरदस्त पराक्रम करने लगो।

तन्दुरुस्त रहने का तरीका

कबूतर, चिड़ियां आदि प्राणी सूरज डूबने के बाद यानि

रात को कुछ खाते पीते नहीं हैं। इसलिये न तो उनके लिये वहीं अस्पताल ही खुले हैं और न वे अक्सर बिमार ही होते हैं।

आप भी यदि तन्दुरुस्त रहना चाहते हैं तो रात को खाना पीना सर्वथा छोड़ दें।

तीन तरीके

धन कमाने का तरीका सद् व्यवहार यानि ईमानदारी।
बल कमाने का तरीका सदाचार यानि ब्रह्मचर्य पालन।
पुन्य कमाने का तरीका सद्विचार यानि शुभ भावनाएं।

मजा

दातारों को मजा यही, धन देने और खिलाने में।
कजूंसों को मजा यही, धन जोड़ जोड मरजाने में॥

आप यदि आज तक कजूस रहे हों तो अब से दाता बन जाइये व सच्चा मजा लूटें।

भाषण

मौन सर्वोत्तम भाषण है। जहां एक शब्द बोलने की आवश्यकता हो वहां दो न बोले।

तिरने वालों से

(१) निंदा करना चाहती हो? तो अपनी निंदा करो।
(२) धोना चाहती हो? तो अपनी आत्मा को धोओ।

(३) देना चाहते हो ? तो जीवों को अभयदान दो ।
(४) कमाना चाहता है ? तो पुन्य ही कमा ।

उलहना

आज तू कहता है कि मुझे काम काज की वजह से प्रभु-पूजन के लिये, व्याख्यान सुनने के लिये एवं सामायिक करने के लिये समय नहीं है । लेकिन मृत्यु तो तुझे सहसा उठा ले जायगी । वह यह नहीं देखेगी कि तेरे काम पूरे हो चुके हैं कि अधूरे हैं ?

अतः हर हालत में धर्म करते रहो ।

जिनाज्ञा

यदि आप क्रोधी हैं, तो शांत बन जाइये ।
यदि आप घमंडी हैं, तो नम्र बन जाइये ।
यदि आप जालसाजी करते हों, तो अब से सरल बन जाइए ।
और यदि लोभी हों तो संतोषी बनो ।

दशवैकालिक सूत्र ।

अमृत सी मीठी बातें

(१) शुद्ध करना चाहते हो ? आत्मा को शुद्ध करो ।
(२) लड़ना चाहते हैं ? तो अपने कर्मों से लड़ो ।
(३) देखना चाहते हो ? तो अपने दोषों को देखो ।

(४) दौड़ना चाहता है ? तो मुक्ति की ओर दौड़ ।
(५) सुख चाहते हो ? तो निनाशा का पालन करो ।

अदालत

जज—तुम लोगों ने सारे शहर को गंदा कर दिया है ।
सज्जन—नहीं जी ! शहर के सिनेमा, होटल, और फैशन ने हमें ही गन्दा कर डाला है ।
जज—तो फिर शहर को ही छोड़ क्यों नहीं जाते ?
सज्जन—शहर को यदि नहीं छोड़ें फिर भी सिनेमा, होटल व फैशन को तो छोड़ ही देंगे ।

—धर्मरत्न प्रकरण ।

सद्गति की कुंजी

अनीति के धन से अवगति यानि दुर्गति होती है सद्गति चाहते हो तो गरीबी को हसते मुंह अपनाना लेकिन अनीति कभी मत करना ।

—धर्मबिंदु ।

बड़ी भूल

तूने अनेक भूलें की है, फिर भी तू मानता है "मैं कभी भी भूल नहीं करता" यही तेरी सब मे बड़ी भूल है ।

—सुवाक्य मंजूषा ।

पहिचान

दुर्जनों की जीभ में गुड और दिल में विष होता है ।

यदि आप किसी से मधुर बोलते हैं। लेकिन दिल से उसे ठगना या उसका बुरा करना चाहते हैं तो आप भी दुर्जन हैं।

—धर्मरत्न प्रकरण।

तत्त्वज्ञान

किसी दिलोजान दोस्त का केवल नाम सुनने से जो आनन्द आता है। उससे कई अधिक प्रेम उसकी फोटू देखने से उमड़ता है।

इसी तरह प्रभुजी का केवल नाम जपने से जितने भाव बढ़ते हैं उससे करोड़ों गुनी भावनाए प्रभुजी की प्रतिमा के दर्शन से बढ़ती है।

अत प्रभु प्रतिमा के दर्शन व पूजन प्रतिदिन कीजिये।

—प्रवचनसारोद्धार।

श्रेष्ठमानव

गाय के पेट में गये हुये घास का दूध बनता है।

शुक्ति (सीप) के मुह में गया हुआ पानी मोती बनता है।

खेत की मिट्टी में पटे हुए नाज के एक दाने से अनेकों दाने बनते हैं।

लेकिन मनुष्य के पेट में गये हुये दूध, पानी व अन्न का पिशाब और विष्ठा बनती है।

फिर भी हम (मानव) श्रेष्ठ कैसे ? यदि उच्च दर्जे का धर्म नहीं करते।

—अशुचि भावना।

शास्त्र वचन

"दुषमकाल जिनबिंब जिनागम, भवियनकू आधारा निर्नंदा तोरी अगियन में अविकारा ॥

पांचमे आरे में संसार से तिरने का साधन जिनमूर्ति और जैनशास्त्र हैं। उनमें भी निनेश्वर प्रभु की प्रतिमा अत्यंत उपकारी है, क्योंकि शास्त्रों को तो पढ़े लिखे लोग ही बांच सकते हैं और जिनमूर्ति से तो अनपढ़ लोग भी अपना कल्याण कर सकते हैं।

—वीरविजयजी पूजा।

दिक्कत

बार बार खाना दिक्कत है और दुखी का चिह्न है। जो सुखी हैं, वे लम्बे अर्से तक भोजन नहीं करते। देखिये! पहले आरे के मनुष्य तीन तीन दिन के अंतर से ही भोजन करते थे और हमसे कहीं अधिक सुखी थे। आप भी बार बार खाना छोड़कर सुखी बन।

कुछ अर्से से भुलावे में पड़ी हुई जैनजनता को अपने कर्त्तव्य का खयाल कराने वाले इस भजन (स्तवन) को हरेक जैनी याद करके अवश्य कंठस्थ करे।

स्तवन

(तर्ज भारत का डंका आलम में)

जिनवर की प्रतिमा पूजन का,
फरमान किया प्रभु महावीर ने ।
अरु सूत्र सिद्धांत में दरज किया,
सुधर्मा स्वामी गणधर ने ॥ जिन ॥१॥

सूत्र रायपसेणी को देखो,
वहा प्रतिमा पूजन को पेखो ।
झूठे सशय अब दूर फेंको,
खुद ज्ञान सुधारस पीकर के ॥जिन ॥२॥

है जीवाभिगम शास्त्र बड़ा,
जिनबिंब का वर्णन वहा है कहा ।
क्यों धोखे में तू जाय पड़ा,
समझा दिया सच्चे गुरुवर ने ॥जिन ॥३॥

अग छठवा ज्ञाताधर्म कथा,
प्रतिमा का पूजन वहां भी कहा ।

प्रभु पूजन से क्यों दूर रहा,
प्रभु पूजन भवि भवतारक है ॥जिन ॥४॥
प्रभु के दर्शन की क्या कहनी,
भये आर्द्रकुमार महाज्ञानी ।
है जैनागम की यह वानी,
भविजन प्रभु दर्शन करते हैं ॥जिन ॥५॥
फूलपूजा से फल को पाया,
हुआ कुमारपाल महाराया ।
भावी गणधर का पद पाया,
ज्ञानी जिन पूजन करते हैं ॥जिन ॥६॥
जिनप्रतिमा जिनसम होती है,
दर्शन से दुःख को खोती है।
प्रभु पूजा पाप को धोती है,
जितेन्द्र प्रभु ! मोह पार करो ॥जिन ॥७॥

भगवान बनो

हरेक जीव को जैन बनाने की तीव्र भावना वाली आत्माएं भविष्य में भगवान यानि तीर्थंकर बनती हैं।

आप भी सच्चे जैनी बनकर हरेक को जैनी बनाना चाहें।

रोगनाशक दवाई

सूरज उगने के बाद भी एक प्रहर तक यदि कुछ भी खाया पीया न जाए तो पेट आदि के अनेक रोग बिना दवाई के ही मिट जाते हैं।

सूर्यास्त से लगाकर दूसरे दिन एक प्रहर सूर्य चढ़े तब तक कुछ भी न खाना अत्यन्त हितकर है। प्रहरकरीब ३ घटे।

—जलचिकित्सा ग्रंथ।

मा और बेटा

बेटा—आज हमें उल्लू, साप, कौए आदि प्राणी दीखते हैं, इन जीवों ने ऐसा कौनसा पाप किया होगा, जिससे इन्हें ऐसा नीच अवतार मिला।

ज्ञानी माता—भाई! अक्सर रात को भोजन करने के पाप से आत्माए दूसरे जन्म में साप आदि बनती हैं।

अत. तू कभी भी रातको कुछ भी मत खाना।

—योगशास्त्र।

शक्कर दूध में ही क्यो ?

भोला बाबू—मा! तू दूध में तो हमेशा शक्कर डालती है और छाछ में क्यों नहीं डालती ?

माता—दूध स्वय कुछ मीठा है, अत उसे अधिक मीठा करने

को उसमें शक्कर डालती हूँ और छाछ में नहीं।

जिनमें कुछ गुण होते हैं उन्हें ही अधिक गुणी बनाने क लिये उपदेश, उलहना आदि दीया जाता है।

कर्म का काम

लाला—बाई! तूने मेरे तो दो हाथ बनाये और मेरे बडे भाई के एक ही हाथ क्यों बनाया?

माता—(कुछ उदास बनकर) लाला! हाथ, पैर और बुद्धि माता पिता के दीये हुये नहीं हैं। इन्हें तो जीव अपने कर्मों से पाता है।

जिन्हान पूर्वभव में जीवों की हिंसा की है, वे प्राणी यहा टूटे, लंगड़े, रोगी बनते हैं।

—योगशास्त्र।

सच्चा कारण

नन्हा—जीमा! चचाजी कभी भी बोलते क्यों नहीं?

दादाजी—बाबू! तेरे चाचा बोल ही नहीं सकते, वे गूगे हैं।

नन्हा—चचा गूगे क्यों बने?

दादाजी—झूठ बोलने के पाप से जीव परभव में गूगे एव अनेक तरह के मुह के रोगी बनते है? अत तू

हमेशा सत्य बोलना।

—योगशास्त्र।

रक्षण में लगे रहे

श्रावक—(हाथ जोड़कर) अन्नदाता! हमारे समुदाय में बड़ी बड़ी आसामियां ठंडी रह गई है, इसका क्या कारण होगा?

गुरु—जैसे तनिक आग से ढेरों रुई जलकर खाक हो जाती है। वैसे ही देवद्रव्य का भक्षण जिस घर में होने लगता है वह घर बरबाद होता है और उसका यश भी कलङ्कित होता है।

अतः हरदम देवद्रव्य के रक्षण में लगे रहिये।

—आत्मप्रबोध।

दो सखी

प्रमिला—सुशि! चेहरा सुंदर दीखे इस वास्ते मुंह पर क्या लगाना चाहिये?

सुशीला—प्रमि! कुलवती लड़कियों को अपने मुंह पर लज्जा के सिवाय और कुछ भी नहीं लगाना चाहिये।

—धर्मरत्न प्रकरण।

दो मित्रों का संवाद

सोहन—क्या भाई! तुम तो मन्दिर जी में पूजा करने लगे। क्या आप मन्दिरमार्गी हो गये हैं?

मेरुलाल—प्रभुपूजा करना तो हरेक जैनगृहस्थ का कर्त्तव्य हैं जितने भी ओसवाल हैं वे तो सब ही जिन-मूर्ति का वंदनपूजन करने वाले पहिले से ही हैं।

—ओसवालजाति का इतिहास

शंका समाधान

सोहन—मूर्तिपूजन में तो पानी आदि के जीवों की हिंसा होती है। इसमें धर्म कैसे ?

मेरुलाल—आप लोग साधुओं को वंदना करने जाते हो, वहां रास्ते में जीवहिंसा नहीं होती क्या ? जिनमूर्ति की पूजा करना जिनाज्ञा है। विशेष कल कहूंगा।

विशेष खुलासा

मेरुलाल—पूजा के निमित्त होने वाली जीवहिंसा, स्वरूप-हिंसा कहलाती है, उसमें पाप नहीं बंधता और पूजन से तो ऐसे पुन्य बंधता है।

सोहन—तब तो मैं भी आज से पूजन करूंगा और मेरे साथिओं को भी प्रभुपूजन कराने के लिये लाऊंगा।

नाइलॉन की साड़ी

चतुरा-क्यों सखी ! आज उदास क्यों है ?

सरला-कहते कहते तीन दिन हो गये मगर नाइलॉन की साड़ी नहीं लाते हैं।

चतुरा-बहिन ! खानदान औरतों को ऐसे कपड़े पहिनने उचित हैं क्या ? कुलवती महिलाओं को अपनी खानदान के अनुरूप ही वेश-भूषा करनी चाहिए।

—धर्मरत्न प्रकरण।

सच्चा धर्मी

दूसरों के सुख को देखकर जलने वाला पापी है, और दूसरों के दुखों को देखकर जलने वाला यानि उनके दुखों को दूर करने के लिए बार बार सोचने वाला और यथाशक्ति यत्न करने वाला सच्चा धर्मी है।

आप भी धर्मी हैं न ? क्या आप दूसरों के दुःख दूर करने को सोचते रहते हैं ?

—योगशास्त्र।

आंखों की रोशनी

मनसा वाचा कर्मणा ब्रह्मचर्य का पालन करने से बुढ़ापे में भी आखों की रोशनी अक्सर कम नहीं होती। आप भी आखों की रोशनी बढ़ाने के लिये अब से ब्रह्मचर्य का पालन करें।

—योगशास्त्र।

नाश

प्रभुजी के दर्शन से पापों का नाश।
भोजन करने से भूख का नाश।

सुनने से सुमति का नाश।

सिनेमा देखने से स्वास्थ्य, सुमति और सदा-
होता है।

अहिंसा प्रेमी !

) के सेवन से नौ लाख मनुष्या तक

म भयंकर पाप से बचोगे ?

—विविध प्रश्नोत्तर।

द रक्खो

बेईमानी करके भी अपने परिवार
है। याद रक्खो, परभव में उन पापों
पीडाए केवल तुम्हे ही सहन करनी होगी।
अपने पेशे में ईमानदारी रखकर अधिक पाप से
बचो।

दैवी शक्तियां

ब्रह्मचर्य के प्रभाव से दैवी शक्तियां प्राप्त होती हैं। आप जानते हैं ? ब्रह्मचारी पेथडकुमार का दुपट्टा यदि कोई रोगी ओढ़ता था तो उसके रोग बिना किसी दवाई के ही मिट जाते थे। आप भी मन, वचन काया से

विद्वान की कलम

जैन धर्म द्वारा प्रतिपादित चारित्र मानवजीवन की उन्नति की दृष्टि से बहुत ही लाभदायक व हितकारी है।

—डॉ ए गिरनॉट, फ्रांस।

कन्हैया की माता

कन्हैया—माँ! यह क्या है?

माता—बाबू! यह कुजड़े का टोकरा है। इसमें शक्करकद भरे हैं।

कन्हैया—माँ! क्या शक्करकद खाये जाते हैं?

माता—गवार लोग इसे खाते हैं। हम तो जैन हैं। जैनलोग शक्करकद कभी भी नहीं खाते।

दयालु माता

कन्हैया—माँ! हमें शक्करकद क्यों नहीं खाने चाहिये?

माता—लाला! शक्करकद के एक छोटे से छोटे टुकड़े में भी कई करोड़ (अनंत) जीव होते हैं।

अतः जो जैन हैं, वे पाप से बचने के लिये शक्करकद खाते नहीं, पकाते नहीं एवं खरीदते भी नहीं हैं।

—श्री पन्नवणासूत्र।

तेजु का प्रश्न

तेजु—शक्करकंद खाने में खूब पाप लगता है, अतः हम दोनों भाई अब शक्करकंद कदाई नहीं खाएंगे। क्या मूली खाने में भी अधिक पाप है ?

माता—हां लाला ! मूली खाने से भी अनंतजीवों का नाश होता है।

तेजु—तब तो मा ! हम मूली भी नहीं खायेंगे।

—पन्नवणा सूत्र।

ज्ञानी कॉलेजियन

ललित—दोपहर को बाग में आओगे न ?

सुशील—ना भाई ! मुझे दोपहर को अवकाश नहीं है ?

ललित—इतना क्या काम है ?

सुशील—पिताजी को स्नान करवाना, उनके व माताजी के कपड़े धोना इत्यादि लाभ का काम हैं।

—योगबिंदु।

कर्तव्य

ललित— सुशील ! तुम तो कॉलेजियन हो, फिर माता पिता के कपड़े धोने की मजदूरी को क्यों चाहते हो ?

सुशील—भाई ! अपने माता पिता की सेवा करना हरेक का

कर्त्तव्य है। एव मातापिता की सेवा मे पुन्य भी तो होता है।

—तत्त्वार्थटीका।

वे मूर्ख है

सरला—(अपने पति से) आपने माताजी ने मुझे बहुत तग कर दीया है। आप उन्हें कुछ कहते क्यों नहीं ?

सज्जनलाल—मेरे माताजी कभी किसी को एक शब्द भी अनुचित नहीं कहती है। कुलवान लड़कों के लिये तो पिताजी देव और माताजी देवी हैं।

लुगाई के वचनों से प्रेरित होकर जो मा बाप से अनबन करते हैं, वे मूर्ख हैं।

—ठाणाग सूत्र।

यश और सुख

कचन—सखी ! तू तो अपने सास की खूब सेवा भक्ति करने लगी ?

चतुरा—बहिन ! सास-ससुर तो हमारे मांइत[1] हैं। इनकी सेवा से तो हमें यहां यश और सुख मिलता है, एव परभव में सुख मिलेगा।

—धर्मग्रथ १ ला

१ माता पिता।

किल्ली

अधिक मुनाफा लेने वालों के यहां ग्राहक कम आते हैं। ग्राहक बढने से ही कमाई बढती है।

कमाई करने की किल्ली है-नफा कम लेना और ईमानदारी रखना।

—हाउ टु वीन फ्रेन्डज।

थकावट

मोतीलाल-क्यों जी, खूब थके से मालूम होते हैं?

शिवराज-जब मैं व्यापार में ईमानदारी रखने लगा हूं तब से ग्राहक दिन दुगुने और रात चौगुने बढ़ रहे हैं। ग्राहकों को सौदा देते देते ही थका हूं।

आप भी एक साल तक तो ईमानदारी रखकर देखें।

—योगबिन्दु।

पुण्य का प्रभाव

धरती पर चलने में भी किसी के पैर डगमगाते हैं और हे युवक! तेरे चरण से तो धरती थर थर कांप उठती है, यह सब पुन्य का ही प्रभाव है।

—पुण्यकुलकम्।

प्रार्थना-श्री जिनस्तवन

(तर्ज—नजरटुक महेर की करके)

करो गर महेर ऐ स्वामी ! अरज मैंने गुजारी है ।
अनादि काल से भगवन,
अनतो देह धारी है ॥ करो ॥ १ ॥
देव की देह को भगवन्,
बहुत सी बार मैं पाया ।
नरक की देह भी भगवन,
अनती बार पाया हूँ ॥ करो ॥ २ ॥
अनते काल तक भटका,
पशु की देह को पाता ।
मनुज भव पुन्य स पाया,
करम दल चूर करने को ॥ करो ॥ ३ ॥
मिला है योग सद्गुरु का,
सही जो धर्म भी पाया ।
करु श्रम यत्न तिरने को,
निकट संसार सागर है ॥ करो ॥ ४ ॥
मुक्ति को दान मैं पाऊ,
प्रेम के भानु कर चाहु ।
जिनेन्द्र नाथ ! बन जाऊ,
लहेर जो महेर की पाऊ ॥ करो ॥ ५ ॥

जानें

"जो पीयेगा शराब उसका होगा खाना खराब" शराब, भंग तमाकू आदि नशीली चीजें स्वास्थ्य व चित्त को बिगाड़ने वाली हैं। अतः उन से कोसों दूर रहिये।

—योगशास्त्र।

उपाय

भगवान की भक्ति ही सब दुःखों से मुक्ति पाने का और चित्तशुद्धि का श्रेष्ठ उपाय है।

ब्रह्मचर्य रक्षा के नियम

(१) सादी रहन सहन।
(२) निर्विकार आहार।
(३) सत्संगति।
(४) सत्साहित्य पढ़ना।
(५) पवित्रविचार और
(६) ईश्वरभक्ति।

किसका प्रभाव ?

बुढ़ापे में भी चेहरे पर लाली, आंख में रोशनी और चाल में फौजी ढङ्ग। यह सब किसका प्रभाव है ? ब्रह्मचर्य का ही तो।

औषध

शाम का भोजन देर से करने वालों को अक्सर स्वप्नदोष होता है। आप यदि तन्दुरुस्ती चाहते हैं, तो सूरज डूबने के बाद कभी कुछ भी मत खाइये।

—स्वास्थ्य शिक्षा।

तिजोरी

तक्दीर तिजोरी है और पुरुषार्थ है उसे खोलने की किल्ली। आपके तक्दीर की तिजोरी में जितना होगा उतना ही प्रयत्न करने पर पाओगे।

अत तक्दीर को बनाने वाले प्रभुपूजा, दान, ब्रह्मचर्य-पालन आदि शुभकार्य करें।

महान धर्म

ज्यों ज्यों आप अपने कसूरों को कबुल करते रहेंगे त्यों त्यों आपमें नम्रता का महान धर्म प्रगट होगा।

खोज

आप यदि निरंतर सुखी रहना चाहते हैं ? तो हर वख्त यह खयाल रक्खें कि आपके निमित्त कोई दुःखी तो नहीं हो रहा है ?

कर्त्तव्य

जिस कार्य में स्व पर का हित समाया हो वही कर्त्तव्य।

शांति

दूसरे जीवों को जितनी शांति दोगे उतनी ही तुम्हें शांति मिलेगी।

—भगवती सूत्र।

जैन

जो पतिव्रता स्त्रियाँ हैं, वे अपने पति को छोड़कर अन्य पुरुष की चाहना प्राण जाने कि नौबत आने पर भी नहीं करतीं। वैसे ही जो सच्चे जैनी हैं वे जिन भगवान को छोड़कर दूसरे देवों को कभी नहीं पूजते और न कभी नमते ही हैं।

—विवेकुलस्म।

निदान

आपको दु ख देनेवाला सिवाय आपके ही अशुभ कर्मों के और कोई नहीं हैं। आप जिन्हें दु.ख देनेवाला मानते हैं, वे तो निमित्तमात्र हैं।

अत यदि आप दु ख से छुटकारा पाना चाहते हैं ? तो अपने दुष्टकर्मों को दूर करने के लिये जैनधर्म का यथावत् पालन करें।

—ज्ञानसार।

चिनगारी

जैसे मामूली आग करोड़ों मन रूई को जला डालती है, वैसे ही थोड़ा सा भी गुस्सा वर्षो तक किये हुए धर्म को भस्म कर देता है। अत हर हालत में खामोश रहिये।

—विविधप्रश्न।

नीतिवाक्य

बात करते हँसनेवाला व राह चलते खानेवाला मूर्ख है।

अत न किसी से बात करते चलते हसे और न राह चलते कभी कुछ खाए ही।

विद्वान डॉक्टरों का मत

खून की चालीस बूंदों से सिर्फ एक बूंद जीवनरक्षक वीर्य बनता है। अत वीर्यरक्षा के लिये मन वचन काया से ब्रह्मचर्य का पालन करें।

आत्म रक्षा

अपने वीर्य की रक्षा करना आत्मरक्षा से कम नहीं है।

डरें व भजें

दूसरी पल में आप मृत्यु के वश होने वाले हैं ऐसा सोच-कर प्रतिपल पाप से डरें व प्रभु को भजें।

स्मरण करें

अपनी गलतियों का बार बार स्मरण करें ताकि दुबारा वैसी भूलें आप से न हों।

उत्थान

ऐशो आरामी से पतन होता है और त्याग व सयम से उत्थान।

प्रभुभजन

जैसे मत्र से साप का विष दूर होता है वैसे ही प्रभु के

गुणगान से पाप का भार कम होता है।

हाजमा

बार बार खाने से हाजमा बिगड़ता है। अतः जहां तक बन सके कम बार खाए और खाए भी परिमित।

—जल चिकित्सा।

पंचामृत

संग करें तो सज्जनों का।

लड़ें तो अांतर दुश्मनों से।

निंदा करो तो अपनी करो।

तारीफ करो तो गुणीजनों की।

फिकर देखो तो अपने ही।

शरीर और मन

मनुष्य का शरीर गधा सा और मन बन्दर सा है। शरीर से तप और मन से प्रभु का जप करने वाले ही इन से यथार्थ लाभ उठाते हैं।

कर्त्तव्य

चिंता करने से संसार में आज तक किसी की भी विपत्ति नहीं टली है। अतः कर्त्तव्यनिष्ठ बनें न कि चिंतातुर।

—सुभाषित संग्रह।

दुःखी कौन ?

जिन्हें आवश्यकताए अधिक हैं वे दुःखी हैं। अत' आवश्यकताए कम कीजिये व सादाजीवन जी कर सुखी बनें।

तत्त्ववाणी

जीव को जिन चीजों की अधिक लालसा होती है। अक्सर मरने पर वह जीव उमी मं जन्म लेता है।
जैसे—शक्कर का शौकीन ईग बनता और इत्र का शौकीन पौधे का फूल। क्या आप ऐसे अवतार चाहते हैं ?

मौन

किसी भी बात का सोचकर उत्तर दें और जब कभी गुस्से में हो तब कुछ मिनिटों तक मौन रहें। साथ ही उस वक्त नवकारमत्र का स्मरण करने लगें।

महान बनें

यदि आप को महान बनना है ? तो अगरबत्ती की तरह स्वय कष्ट से जलकर औरों को सुगध की तरह सुख दें।

पुण्य कमाओ

पुन्य से मिली हुई सम्पत्ति को अपने महधर्मी भाईयों की भक्ति में खर्चो र नया पुन्य कमाओ।

शुभविचार

जिन भावनाओं का जीवन में बार बार अनुशीलन होता है अक्सर वैसी भावना ही मृत्यु काल में जीवों को स्फुरित होती है। अत अतकाल में शुभभाव लाने के लिये आज से ही प्रतिपल शुभ विचारों में रमण करने लगें।

भलाई

ईख, पीलने वालों को मधुर रस देता है।

चदन, घिसने वालों को सुगध देता है।

वृक्ष, अपने पर पत्थर फेंकने वालों को फल देता है। वैसे ही सज्जन वह है जो अपने को कष्ट पहुचाने वाले का भी कभी बुरा न करे किंतु उसकी भलाई करने को ही सदा तत्पर रहे।

सद्विचार

दिल के सद्विचार स्वर्ग और मुक्ति दिलाते हैं, तथा बुरे विचार दिलाते हैं नरकादि घोर दु ख।

अत स्वर्गादि को दिलाने वाले सद्विचारों में ही सदा लीन रहें।

किसे चाहते हैं ?

सौदा लेनेवाला ग्राहक आपको धन की कमाई कराता

है और आपके द्वार पर आया हुआ याचक पुन्य की।

आप किसे अधिक चाहते हैं?

सराहना करें

मुनि को खीर का दान देकर बार बार खुशी होने से शालीभद्र बने और लड्डू बहोराकर खेद करने वाला मम्मण शेठ। आप भी यदि किये हुए धर्म का पूरा फल चाहते हैं तो अपने द्वारा जो हो गये हैं उन सब धर्मकार्यों की मन ही मन सराहना किया करें न कि खेद।

जानते हैं?

देवद्रव्य का विनाश या भक्षण करने वाले शरीर से रोगी व रोटी के टुकड़े के लिए भी मोहताज बनते हैं।

तारीफ करें

किसी के भी शुभकार्यों की तारीफ यदि आप करेंगे तो आप भी पुन्य हासिल कर पाएंगे।

प्रभुपूजा

प्रभुपूजा करने से व दूसरों से करवाने से धनादि की प्राप्ति में रोड़ा अटकाने वाले पापकर्म दूर हटते हैं।

—धर्मग्रंथ १ ला।

जादूगर

आप जानते हैं? आप का मन एक ऐसा जादूगर है, जो

आपको क्षण में सफलता के शिखर पर चढ़ाता है और पल में गिराता है अवनति के गहरे गड्ढे में।

अतः प्रतिपल इससे सावधान रहते हुए उन्नत बनने के लिये इसे वश में करें।

बहादुर

वह बहादुर है, जो अपनी भूलों को साफ साफ मंजूर करता है। आप अपनी गलती को कभी छिपाना तो नहीं चाहते हैं न ?

राक्षस

मनुष्य जब धर्म के बदले धन,
विराग के बदले विलास और
समता के बदले ममता को अपनाता है तब वह मनुष्य मिटकर राक्षस सा बन जाता है।

उन्नति

शिष्टाचार के द्वारा ही आप उन्नति कर पाएंगे।

उपकारी

आप उसे अपना उपकारी समझें जो आपके दोषों का स्मरण कराए।

गर्त में

विलासी और लोभी आत्माएं नरक के गर्त में जा गिरती

है और आपके द्वार पर आया हुआ याचक पुन्य की ।
आप किसे अधिक चाहते हैं ?

सराहना करें

मुनि को खीर का दान देकर बार बार खुशी होने से शालीभद्र बने और लड्डू व्होराकर खेद करने वाला मम्मण शेठ। आप भी यदि किये हुए धर्म का पूरा फल चाहते हैं तो अपने द्वारा जो हो गये हैं उन सब धर्मकार्यों की मन ही मन सराहना किया करें न कि खेद।

जानते है ?

देवद्रव्य का विनाश या भक्षण करने वाले शरीर से रोगी व रोटी के टुकडे के लिए भी मोहताज बनते हैं।

तारीफ करें

किसी के भी शुभकार्यों की तारीफ यदि आप करेंगे तो आप भी पुन्य हासिल कर पाएगे।

प्रभुपूजा

प्रभुपूजा करने से व दूसरों से करवाने से धनादि की प्राप्ति में रोड़ा अटकाने वाले पापकर्म दूर हटते हैं।

—धर्मग्रंथ १ ला।

जादूगर

आप जानते हैं ? आप का मन एक ऐसा जादूगर है, जो

आपको क्षण में सफलता के शिखर पर चढ़ाता है और पल में गिराता है अवनति के गहरे गड्ढे में।

अतः प्रतिपल इससे सावधान रहते हुए उन्नत बनने के लिये इसे वश में करें।

बहादुर

वह बहादुर है, जो अपनी भूलों को साफ साफ मंजूर करता है। आप अपनी गलती को कभी छिपाना तो नहीं चाहते हैं न ?

राक्षस

मनुष्य जब धर्म के बदले धन,
विराग के बदले विलास और
समता के बदले ममता को अपनाता है तब वह मनुष्य मिटकर राक्षस सा बन जाता है।

उन्नति

शिष्टाचार के द्वारा ही आप उन्नति कर पाएंगे।

उपकारी

आप उसे अपना उपकारी समझें जो आपके दोषों का स्मरण कराए।

गर्त में

विलासी और लोभी आत्माएं नरक के गर्त में जा गिरती

हैं। अत न तो विलासी बनें और न लोभी ही।

जर्मन डॉक्टर

मनुष्य के दात न तो मासभक्षी पशुओं-बिल्ली, शेर आदि से मिलते हैं और न घासभक्षी पशु- गाय, बैल से ही।

मनुष्य के दांतों की बनावट बदर आदि फलाहारी प्राणियों से मिलती है। फलित यह हुआ कि जैसे घास हमारा भोजन नहीं है वैसे ही मास, मच्छली, अडे आदि भी मनुष्य का भोजन नहीं हैं।

—जर्मन डॉक्टर लुई कुने।

बिमारियो का कारण

नया कॉलेजियन—ऊपर आप लिख आये कि मास, मच्छी, अंडे आदि मनुष्य का आहार नहीं है। लेकिन आज भारतीय सरकार तो इन्हें खाद्य मानकर इनकी उत्पत्ति और उपयोग बढ़ाने को कहती है।

ज्ञानी प्रोफेसर—कलयुग के प्रभाव और हिंसक परदेशियों के संग के प्रभाव से यह सब हो रहा है मगर सोचिये आहार के तौर पर इन पदार्थों के उपयोग से तो हजारों मरीज अस्पतालों म कैन्सर, गठिया

आदि विमारिओं की पीड़ा झेल रहे हैं।

—"जलचिकित्सा" के आधार पर।

सुधरना जरूरी

माता पिता के अच्छे या बुरे आचरण और विचार का असर बच्चों पर पडता है। अत बच्चों के हित के लिये भी माता-पिता को सुधरना जरूरी है।

कैंची और सुई

कैंची और सुई दोनों ही लोहे के हैं। कैंची काटकर टुकडे करती है, अत दरजी उसे पैरों तले दबाता है मगर छोटी सी सुई को सिर पर चढ़ाता है क्योंकि वह जोड़ने का काम करती है। जो सगठन करते हैं वे ही स्तुत्य हैं न कि फूट बनाए रखने वाले।

सीख

दुश्मन के साथ भी भाले के बदले भलाई काम में लाईए।

भयकर पाप

महीश्वर (जिनाज्ञा) का विरोध करने से भयकर पापबध होता है। याद रहे! जिनप्रतिमा का जल-फूल आदि उत्तम द्रव्यों से पूजन करने की जिनाज्ञा है।

परदेशी विद्वान

खूब घी, दूध, मांस, मच्छली और मोहन भोग (मिठाई

वगैरह) खाना भूल है।

—डॉक्टर लुई कुने।

धन्यवाद या धिक्कार

शाकाहारी पशु बंदर आदि और घास खानेवाले प्राणी बैलादि भूख से मरने की नौबत आ जाय तो भी मास मच्छली आदि को खाना नहीं चाहते। लेकिन हम उन मनुष्यों की बुद्धि को धन्यवाद दें कि धिक्कारें? जो शाकाहारी होते हुए भी मच्छली, अंडे आदि खाने को उतारू हुए हैं।

कटु सत्य

वह मनुष्य एक विलक्षण पशु है। जो फल, फूल, मास, मदिरा सभी को उदरस्थ कर जाता है।

—जलचिकित्सा।

भेड़, बकरे और मच्छली आदि को देखकर उस पर सीधे दांत मारने का अपने को मांसाहारी कहलाने वाले मनुष्य का भी मन नहीं होता।

इससे सिद्ध होता है कि मांस मनुष्य का खाद्य कतई नहीं है।

—लुई कुने।

चिंतन

अपने सुख दुःख का सीधा सम्बन्ध अपने ही पूर्वकृत कर्मों

म हैं। अत आये हुए दु खों को अपने ही पाप कर्मों का नतीजा समझकर उदासीन बनें, उदास नहीं।

दुःख मे अवश्य कीजिए

दु ख के समय अपने पाप कर्मों को भोगने का अवसर आया जानकर सम्भाव में रहें। एव धर्म साधना अधिक करें।

सुखी

शरीर, धन, परिवार आदि पर ममत्व करने की बदौलत ही शरीर बिगड़ने पर और धन के चले जाने पर हमें दु ख महसूस होता है। अत इन चीजों पर से राग (ममता) हटाने का प्रयत्न कीजिये। जिससे आप हर हालत में सुखी रह सकेंगे।

पुराय बध

परिवार आदि की ओर से प्रतिकूलता, धनादि का नाश शरीर की बिमारी आदि मुसीबतों को प्रसन्नतापूर्वक सहन करने से पापकर्म जलकर खाक होते हैं एव नया पुन्यबंध होता है। अत तक्लीफों से घबरा न उठें।

हानि या लाभ

बर्फ, सोडावॉटर शरबत इत्यादि पदार्थ अस्वाभाविक है उनसे हानि अधिक होती है।

—जलचिकित्सा।

अनुकरण करें

आप यदि बुद्धिमान हैं तो अभयकुमार का,
यदि धनी युवान हैं तो जम्बूकुमार का,
सुखी हैं तो शालीभद्र का अनुकरण करें।
इन का अनुकरण यानि भागवती (जैनी) दीक्षा का स्वीकार।

स्वीकार करें

आप यदि बालिका हैं तो चंदनबाला की तरह,
यदि सुखी गृहिणी हैं तो बाहुबलीजी की बहन सुंदरी की तरह।
यदि दरिद्र हैं तो भी अनेक सुशील महिलाओं की तरह पांच महाव्रतों का स्वीकार करें।
महाव्रतों का स्वीकार यानि जैनी दीक्षा लेना।

अनुसरें

आप यदि छोटे बालक हैं तो अतिमुक्त कुमार को,
यदि पदाधिकारी हैं तो युवराजा को,
और यदि रोटी के लिये भी मोहताज हैं तो भी सम्प्रति-महाराज के पूर्वभव को अनुसरें।
इनका अनुसरण के माने हैं त्यागी (साधू) बनकर जीना।

ज्ञानी

सुख भोगने में तो आत्मा का पुन्य खत्म होता है। इस-में (सुख में) फूलना नादानियत है।

वह ज्ञानी है जो सुख के समय सुख देने वाले धर्म का ही अधिक सेवन करता है।

ओ स्वास्थ्य प्रेमी !

खांसी और क्षय जैसी बिमारियाँ तमाखू का धूम्रपान करने से होती हैं।

ओ स्वास्थ्य प्रेमी ! तू कभी भी बीड़ी सिगरेट आदि की चुगाल में मत आना।

इमारत के खंभे

समृद्धि की इमारत नैतिकता के खम्भों पर ही खड़ी रह सकती है। ज्यों ज्यों ये खम्भे (नैतिकता) कमजोर होते जाते हैं त्यों त्यों इमारत (समृद्धि) को खतरा बढ़ता जाता है।

—जेम्स एलन

सावधान !

झक्की और चिड़चिड़े लोग प्रभावशाली नहीं हो सकते तथा उन्हें देखकर औरों को नफरत होती है।

जीना सफल करें।

आप यदि साधूजी नहीं बन सकते हैं तो महाराना

कुमार पाल की तरह, मन्त्री वस्तुपाल की तरह और

महाराजा श्रीपाल आदि उत्तम गृहस्थों की तरह जिनेश्वर देव की पूजा, सद्गुरुओं एवं साधर्मिक बन्धुओं का विनय और भक्ति करके अपना जीना कुछ सफल करें।

गुरु स्वागत भजन

तर्ज— जिनमत का डंका आलम में

फरमान प्रभु श्री महावीर का कहने ये मुनिवर आये हैं,
कर दर्शन अब हम इन सबका दिल में अति ही हर्षाये हैं।
फरमान १

जीव हिंसा कभी न ये करते हैं, हरदम सचाई धरते हैं,
और चोरी को पूरी तजते हैं, फुरमाया जिनमत वालों ने
फरमान २

ब्रह्मचारी सदा ये रहते हैं, एक पैसा भी ये नहीं रखते हैं,
इसविध मुनि संयम धरते हैं, धन्य है धन्य है धन्यमुनि तुमको,
फरमान ३

सफरें सब पैदल करते हैं, नहीं जूता पैरों में धरते हैं,
ये खुशी से तकलीफ सहते हैं, जय हो जय हो जय मुनिजन की,
फरमान ४

रम फूलों का भौंरे पीते हैं, नहिं पीडा उन्हें ने करते हैं,
इसविध मुनि गोचरी फिरते हैं धन्य है धन्य जीवन मुनिजन का,
फरमान ५

जल उबला हुआ ही पीते हैं, नीर कच्चा कभी नहीं छूते हैं
देखो कैसा अच्छा यह जीवन है,धीर हैं वीर हैं मुनिवर सब ही,
फरमान ६

मूछ आदि के केश जब बढ़ते हैं,तब हाथों उखाड़ दूर करते हैं,
इस विधि को लु चन कहते हैं, है बड़ी तपस्या इन सब की।
फरमान ७

उपदेश दया का देते हैं झूठ चारी की नाहिं कहते हैं,
रिश्वत लेना मना ये करते हैं, सब ही ये सच्चे गुरुवर हैं,
फरमान ८

हैं राष्ट्र हितैषी ये सब ही, विश्वशांति के पैगम्बर भी,
आत्मशांति इन्होंने करदीनी, अब आओ सभी स्वागत करलें,
फरमान ९

आओ भाई आओ दर्शन करलें, हाथ जोड़ जोड़ कर वंदन करलें
सिर को इनके चरणों धर दें, जितेन्द्र कहे दु ख हरने को,
फरमान १०

दुर्गुण

वस्त्रों का विलासितापूर्ण प्रदर्शन एक दुर्गुण है भले मनुष्यों को चाहिये कि वे इससे बचने का भरसक प्रयत्न करें।

पोशाक

सादी पोशाक में उपयोगिता होती है और उससे आराम मिलता है।

हे युवानो

वह व्यक्ति जो भोगविलास में लगा रहता है शीघ्र ही बुड्ढा हो जाता है। अत' हे युवानो ! आप अपनी युवानी को दीर्घ काल तक बनाए रखना चाहते हैं तो भोगविलास से बचें।

समय का मूल्य

नष्ट किया हुआ धन पुन प्राप्त हो सकता है मगर खोया हुआ समय दुबारा हाथ नहीं आता। अत प्रतिपल को सद्विचार और प्रभु भजन में ही बिताए।

अपव्यय न करें

जो पैसा निरर्थकआनन्द और हानिकारक भोगविलास की वस्तुए प्राप्त करने के लिये व्यय किया जाता है। वस्तुतः वह अपव्यय है।

—जेम्स एलन।

मितव्यय

जो सम्पत्ति प्राप्त करना चाहते हैं और कभी ऋणी होना नहीं चाहते उन्हें चाहिये कि अपनी आय के मुताबिक ही व्यय करें।

ईमानदारी

ईमानदारी सफलता का सब से अधिक विश्वसनीय तत्त्व है। एक दिन ऐसा जरूर आता है, जब बेईमान आदमी दुःख और विपत्ति में फंसकर अपनी बेईमानी पर पश्चाताप करने लगता है।

सत्य

ऐसा कोई भी आदमी नहीं जिसे अपनी ईमानदारी पर पश्चाताप करना पडा हो।

—जेम्स एलन।

सत्य बात

कोई भी फिजूलखर्च आदमी मालदार तो नहीं बन सकता, लेकिन फिजूलखर्च धनी कुछ ही दिनों में गरीब अवश्य बनता है।

कजूस का धन

बहुत सारा माल-दौलत जोड़कर उसे देखने वाला कजूस आदमी मालदार नहीं कहा जा सकता। क्योंकि वह स्वयं

अभावग्रस्त होता है, एव उसका जमाया हुआ धन उसके काम में भी तो नहीं आता।

बचें

धूम्रपान, नसतार, मदिरापान और जुआ खेलना आदि बुराइयों ने हजारों लोगों को विफलता, रोग और विपत्ति से आक्रान्त किया है।

अत: इन आदतों से बचें।

देखें

जिस प्रकार एक शराबी केवल तात्कालिक आनन्द को ही देखता है, उसके अंतिम पतनशील परिणाम को नहीं। वैसे ही बेईमान आदमी तात्कालिक लाभ को देखता है, लेकिन अत में होने वाले अपनी नौकरी या व्यापार के नाश को नहीं देखता।

बेईमानी के पैसे

बेईमानी से प्राप्त हुए पैसों को मयसूद के वापिस जाना है। उन्हें स्थिर रखने का कोई मार्ग नहीं है।

असफल रहें तो भी

ईमानदार यदि असफल भी रहें फिर भी वह सराहनीय ही बनता है। एव उसके चरित्र और ख्याति में तनिक भी

हानि नहीं होती।

—जेम्स एलन।

आशा-निराशा

साधन के प्रति लापरवाह रहने से ध्येय की पूर्ति नहीं हो सकती। सुख को पाना हमारा ध्येय है और उसे पाने का साधन है धर्म।

धर्म के प्रति लापरवाहों के सुख की आशा, निराशा का रूप धारण करेगी।

योग्य

वही व्यक्ति योग्य माना जाता है, जो अपनी भूलों को स्वय देख सकता है,अथवा दूसरों के द्वारा उनकी (भूलों की) ओर संकेत किये जाने पर प्रसन्न होता है।

सहानुभूति

जिस प्रकार एक मां अपने रोगी शिशु की वेदना का अनुभव करती है, उसी प्रकार सहानुभूतिपूर्ण व्यक्ति पीड़ित की वेदना का अनुभव करता है।

विनाश का कारण

स्वार्थपरता ही हमारे अपमान और विनाश का कारण है।

भूख

लालची लोग जितना अधिक पाते हैं, उतना ही अधिक पाने के लिये उनकी भूख बढ़ती जाती है।

—उत्तराध्ययन सूत्र

अज्ञान

झगड़ालू लोग अपने अज्ञान और सम्फ्रतिहीनता का ही परिचय देते हैं। ऐसे लोग व्यर्थ के वितण्डावाद में अपनी अमूल्य मानवशक्ति का अपव्यय करते हैं।

बुद्धिमान

बुद्धिमान व्यक्ति केवल अपने ही क्रोध पर अधिकार नहीं करता। वह दूसरों के अन्दर उत्पन्न होने वाले क्रोध को भी अभिभूत करना जानता है।

—"सफलता के ८ साधन' में से

वास्तविक व्योपार

मूर्ख लोग यह सोच बैठते हैं कि धोखा देना ही व्यापार है, परन्तु वास्तविक व्यापार तो विश्वास के आधार पर ही बनता है।

—जेम्स एलन।

सम्हालें

जिन लोगों को समाज में कोई अच्छाई दृष्टिगोचर नहीं

होती, उन्हें चाहिये कि वे अपने को सम्हालें। संकट उनके घर के बहुत नजदीक आ गया है, क्योंकि वे अच्छे को बुरा कहते हैं।

मनन करें

जितना भी कोई व्यक्ति सच्चा होगा, उतना ही प्रबल उसका प्रभाव होगा। नैतिकता और सच्चाई बहुत नजदीकी के साथ एक सूत्र में बंधी हुई हैं।

असत्यता से शुभ मानवीय गुणों का ह्रास होता है। इसे अवलम्ब बनाने वाले लोग अधोगति को प्राप्त होते हैं।

—एक पिलग्रिम ऑफ प्रासपेरिटि म से।

आत्म छलना

दूसरों को धोखा देकर सफलता प्राप्त करके अपने को बड़ा मानना केवल एक आत्मछलना है।

रहस्य

अन्यायपूर्वक प्राप्त किये हुए मुनाफे से समृद्धि प्राप्त नहीं होती है, उससे असफलता ही प्राप्त होती है।

लुटेरा

एक व्यापारी जो अपने ग्राहकों से अन्यायपूर्वक चीजों का अधिक मूल्य वसूल करता है, वह एक तरह का लुटेरा है। वह शनैः शनैः अपनी सफलता को विषैली बनाता

जाता है।

उसकी यह बेईमानी एक दिन अवश्य उसके व्यापार का नाश करेगी।

—जेम्स एलन।

चेष्टा करें

प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य है कि वह नीचता से ऊपर उठकर प्रत्येक वस्तु में न्याय प्रिय होने की चेष्टा करे।

तुच्छता

उस आदमी से कौन मित्रता रखना चाहेगा जो थोड़ा सा मतभेद और दुर्भावना होने पर असभ्यतापूर्वक आक्रमण करता है और बेशुमार प्रलाप करने लगता है।

—"सफलता के आठ साधन' में से।

सयम की महिमा

आत्म सयम अनेक सासारिक सम्पत्तियों से श्रेष्ठतर है।

—जेम्स एलन।

आत्मविजय

जिसे अपनी चित्तवृत्तियों पर विजय प्राप्त हो जाती है, वह पूर्णरूप में अपनी विजय आत्मा पर प्राप्त कर लेता है।

—"सफलता के आठ साधन" में से।

आनद नहीं

लोग धन सम्पत्ति, भोग विलास और निष्क्रियता ही चाहते हैं और उसी को शांतिपूर्वक समृद्धि मान लेते हैं।

अपने आत्मतोष के लिये उन्हें प्राप्त करने की चेष्टा करते हैं, परन्तु प्राप्त करने के बाद उन्हें अनुभव होता है कि इन वस्तुओं में कोई आनन्द नहीं है।

—जेम्स एलन।

आनद

आनद धन में नहीं, सम्पत्ति में भी आनद नहीं, किसी भी भौतिक वस्तु में आनन्द नहीं है। उनका सचय करने में कोई लाभ नहीं।

—जेम्स एलन।

मैं जानता हू

मैं ऐसे धनवान लोगों को जानता हू, जो बहुत सुखी हैं क्योंकि वे उदार, दयालु और पवित्र (सदाचारी) हैं।

मैं ऐसे धनवानों को भी जानता हूँ जो बहुत ही दु खी हैं। इसका कारण यह है कि अपने धन और साधनों का अपने ही सुख के लिये प्रयोग करके उन्होंने अपनी अंतरात्मा में अच्छापन और शुद्ध आनन्द का विकास नहीं किया है।

असम्भव

यह कहना कि "अमुक व्यक्ति ईमानदार है इसलिये उसे व्यापार में असफलता प्राप्त होती है" एक मूर्खता पूर्ण प्रलाप से कुछ भी अधिक नहा है। ईमानदारी के परिणामस्वरूप असफलता प्राप्त होना नितान्त असम्भव है।

—पश्चिमी विद्वान जेम्स एलन

नहीं कहा जा सकता

किसी दुष्ट आदमी को समृद्धिशालि आदमी नहीं कहा जा सकता। भले ही उसकी आय दस हजार पौंड प्रतिवर्ष क्यों न हो।

—सफलता के आठ साधन म से

धर्म

मनुष्य का धर्म है कि वह समृद्धि क बाहरी दृश्यमान उपकरण धन, परिवार, और अधिकार की ओर आकर्षित न हो।

विद्वानों का अभिप्राय

जो सम्पत्तिशाली लोग अनिष्टकारी प्रयोजनों में अपन धन का व्यय करते है, उन्हें किसी प्रकार भी सम्पत्तिमान नहा कहा जा सकता। वरन् जो कुछ धन सम्पत्ति, भोगविलास की

सामग्री एवं अवकाश उन्हें प्राप्त होता है उसका वे आत्म हनन के लिये ही प्रयोग करते हैं ।

निरर्थक

चारित्र धन को प्राप्त किये बिना मनुष्य नैतिक सम्पत्ति प्राप्त नहीं कर सकता । जिस व्यक्ति में ये दोनों गुण (नैतिकता और चारित्र) नहीं होंगे उसकी आर्थिक सम्पन्नता भी निरर्थक ही होगी ।

—जेम्स एलन

सफलता

चरित्रवान व्यक्ति सदैव सुख और संतोष का जीवन व्यतीत करता है । यदि उसके सम्पूर्ण जीवन का मूल्यांकन किया जाय तो सफलता ही परिणामरूप में प्राप्त होती है ।

— क्षमापना —

卐

खामेमि सव्व जीवे, सव्वे जीवा खमतु मे।
मित्ती मे सव्वभूएसु, वेर मज्झ न केणई॥

मैं सब जीवों को क्षमा करता हूँ। सब जीवो मुझे क्ष
दान करे। मेरी सब जीवों के साथ मैत्री है, किसी के सा
वैर विरोध नहीं है।

इस गाथा में जीवन विकास का अद्भुत मार्गदर्शन है
वैर विरोध से बना हुआ कलुषित एवं कषाय अग्नि से तपा हुअ
जीवन को क्षमारूपी जल शीतल एवं शान्त बना देता है
मैत्री भावरूप अमृत जीवन को अमर बना देता है। इसलिए
जीवन में वैर-विरोध का विष दूर कर यह परम मैत्री-रहस
को सिद्ध करें।